# शनिदेव महाराज | By Riyaz Hindustani

चेहरे पे चमक और हाथ खड्ग रखते हैं सवारी काग की
मेरे शनिदेव महाराज पर चाबी भक्तों के भाग की

शनिवार श्री शनि दिवस है जाना ये मत भूल रे
सोना चांदी चढ़े नहीं चढ़े लोहा तेल और फूल रे
है तेज शनि में ऐसा जैसे लपटे उठती आग की
मेरे शनिदेव महाराज पर चाबी भक्तों के भाग की

कष्ट निवारक शनि आरती संकट दूर हटाएँ
शनिदेव की दया रहे तो दु:ख ना कभी सताए
पुत्र प्राप्ति होती सुरक्षा करते शनि सुहाग की
मेरे शनिदेव महाराज पर चाबी भक्तों के भाग की

व्यापार और रोज़गार बढ़ाएं देते हैं धन माया
शनि अर्चना करने वालों को दु:ख ना हो पाया
मुन्नाबाज़ कहे शनि आरती विधि दुखो के त्याग की
मेरे शनिदेव महाराज पर चाबी भक्तों के भाग की

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%b5-%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%9c-by-riyaz-hindustani/